## खबर संक्षेप

### इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर

**मण्डला।** भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की इंस्पायर अवार्ड मानक योजनान्तर्गत विद्यार्थियों के मौलिक विचारों को भारत सरकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ऑनलाईन आमंत्रित किया गया है। भारत सरकार द्वारा देश भर के पाँच लाख विद्यालयों के कक्षा 6वीं से 10वीं तक के स्कूली बच्चों के लगभग 10 लाख नवाचारी मौलिक विचारों को ऑनलाइन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना में शासकीय/अनुदान प्राप्त, अशासकीय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं सी.बी.एस.ई, आई.सी.एस.ई से मान्यता प्राप्त प्रदेश में संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत 10 से 15 वर्ष की आयु वर्ग और 6वीं से 10वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आइडियास को शामिल किया जाना है। योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए समस्त विद्यालयों के नामांकन एवं प्रति विद्यालय पांच विद्यार्थियों के आइडियास ऑनलाईन चाहे गये हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्राचार्य द्वारा स्कूलों में इंस्पायर अवार्ड योजनान्तर्गत वैज्ञानिक (साइंटिफिक) आइडिया प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यालय के विद्यार्थियों के मौलिक विचार प्राप्त किये जाएं तथा विद्यालय से पांच मौलिक विचारों का चयन किया जाकर विद्यार्थियों के चयनित आइडिया ऑनलाइन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के वेब पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार और राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत सरकार द्वारा देश से एक लाख विचारों का चयन किया जायेगा। सभी विद्यार्थियों को अवार्ड की राशि रूपये 10 हजार योजना के जरिये सीधे उनके खातों में भेजी जायेगी। भारत सरकार द्वारा योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जिले के ऐसे विद्यालय जो अभी तक इस योजना अंतर्गत नामांकित नहीं है उनके नामांकन एवं प्रत्येक विद्यालय से पांच विद्यार्थियों के आइडिया ऑनलाइन अपलोड करने के लिये 15 सितम्बर 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। विद्यालयों के नामांकन एवं आइडिया अपलोड विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग के पोर्टल पर लिंक के माध्यम से किया जाना है। वर्ष 2025-26 हेतु भारत सरकार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के नामांकन/आइडिया 15 सितम्बर 2025 तक चाहे गए हैं। इंस्पायर अवार्ड मानक योजनांतर्गत प्रदेश से 1 लाख विद्यार्थियों के गुणवत्तापूर्ण आईडिया अपलोड कराने का एवं 10 प्रतिशत आइडिया चयन का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है।

## शिक्षक की भूमिका ना सिर्फ विद्यार्थी बल्कि समाज के लिए भी महत्वपूर्ण

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

* कक्षा दसवीं और बारहवीं में प्रदेश में क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

देश और समाज के निर्माता शिक्षक होते हैं। वह भावी पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। शिक्षक की भूमिका ना सिर्फ विद्यार्थी के जीवन में बदलाव लाती है बल्कि समाज को भी बेहतर बनाने में सहायक होती है। शिक्षक ही विद्यार्थी के व्यक्तित्व का विकास और चरित्र निर्माण करते हैं और उन्हें भावी जीवन की सफलताओं के लिए तैयार करते हैं। शिक्षक हमें जीवन में सही दिशा दिखाते हैं, समाज में उनका योगदान अतुलनीय है। पढ़ाना सिर्फ एक नौकरी नहीं बल्कि एक पवित्र कार्य है जिसे हर कोई नहीं कर सकता है। एक शिक्षक पीढ़ी का सृजन और विनाश दोनों ही कर सकता है। विद्यार्थी के जीवन को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाने में शिक्षक अपनी पूरी मेहनत से जुटा रहता है। यह बात कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में आयोजित शिक्षक दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम में कही।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि शिक्षा विभाग का सृजन ही बच्चों को पढ़ाने के लिए हुआ है।अब शिक्षकों को अपनी भूमिका से और आगे बढ़ना होगा। अब पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को अन्य गतिविधियों में भी आगे लाना होगा।उन्होंने जिले में नवाचार के तहत प्रारंभ किए गए नेत्र ज्योति, प्रोजेक्ट अपराजिता और प्रोजेक्ट वाटर बेल का जिक्र किया। इसके अलावा इस सप्ताह प्रोजेक्ट सुरक्षा कवच के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं से बचाव की ट्रेनिंग देना है। आप सभी शिक्षक इन्हीं नवाचारों के साथ शिक्षण की विधा को रूचिपूर्ण बनायें। पिछले शैक्षणिक सत्र में मंडला जिले ने कक्षा दसवीं और बारहवीं में प्रदेश में क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। इस वर्ष भी जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर हो इसकी तैयारी रहे। जिले का नाम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर हो हमें इसी में जुटना है।

जिला पंचायत सीइओ श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि शिक्षक अपनी टीम के बलबूते साल भर बच्चों का मनोबल बनाए रखते हैं। शिक्षण कार्य में शिक्षक की भूमिका अहम होती है। बच्चों के शत प्रतिशत अंक आने पर शिक्षक से ज्यादा खुशी किसी को नहीं होती है। शिक्षकों ने भी शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है। यह क्रम लगातार जारी रहे।

शिक्षक दिवस सम्मान समारोह में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया जिनमें शासकीय हाईस्कूल गाजीपुर श्री रूपलाल मरकाम, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्री योगेश कुमार श्रीवास्तव, शासकीय पीएमश्री हाईस्कूल सेमरखापा श्री अखिलेश कुमार चन्द्रौल, शासकीय कन्या हाईस्कूल पुरवा श्री शैलकुमार दुबे, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर श्री अनूप कुमार अग्रवाल, शासकीय उत्कृष्ट उमावि नैनपुर श्री उमेश कुमार अवधवाल, आदर्श उमावि अंजनिया बिछिया श्री सुशील कुमार पटैल शामिल है।

हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों में विकासखंड मंडला के शासकीय कन्या हाईस्कूल पड़ाव वार्ड मंडला, शासकीय कन्या हाईस्कूल पुरवा, शासकीय हाईस्कूल खारी, शासकीय हाईस्कूल बिंझिया, शासकीय हाईस्कूल सिलपुरा, शासकीय हाईस्कूल पटपरा रैयत, शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा, शासकीय हाईस्कूल वरिष्ठ मूलशाला मंडला, शासकीय हाईस्कूल गाजीपुर, शासकीय हाईस्कूल ग्वारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरदेनगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमरूआ, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फूलसागर, शासकीय नर्मदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिंगापौंड़ी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुर्सीपार के प्राचार्य शामिल हैं।

इसी तरह नैनपुर विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल मक्के, शासकीय हाईस्कूल रमपुरी, शासकीय हाईस्कूल रामदेवरी, शासकीय हाईस्कूल रैवाड़ा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर, शासकीय नवीन उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डरई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरवेली के प्राचार्य को सम्मानित किया गया।

बिछिया के शासकीय हाईस्कूल बोकर, शासकीय हाईस्कूल हर्राभाट, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंजनिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर,मवई के शासकीय हाईस्कूल अंजनी, शासकीय हाईस्कूल सोंढ़ा, शासकीय हाईस्कूल परसाटोला, घुघरी के शासकीय हाईस्कूल छाता, मोहगांव के शासकीय कन्या हाईस्कूल मोहगांव, शासकीय हाईस्कूल झुरगीपोंड़ी, शासकीय हाईस्कूल बिलगढ़ा, नारायणगंज के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंगलगंज, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबलिया, बीजाडांडी के शासकीय हाईस्कूल मानिकसरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगांव के प्राचार्यों को भी प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बाई वरकड़े, एसी ट्राइबल श्रीमती वंदना गुप्ता सहित शिक्षक एवं प्राचार्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय ने किया।

### बेहतर वातावरण देंगे तो और भी बेहतर मिलेंगे परिणाम

*कमजोर प्रशासन और स्वार्थी अधिकारियों की बदौलत जिले की यह स्थिति है कि शहरी क्षेत्रों में आवश्यकता अधिक से शिक्षक और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को शिक्षक ही नहीं मिल रहे इसके बावजूद यदि शिक्षक सकारात्मक परिणाम दे पा रहे हैं तो यह उनकी काबलियत है यदि ईमानदारी से शासन के नियम निर्देशों का पालन करते हुये यहां के जिम्मेदार अधिकारी शिक्षकों को बेहतर परिणाम उपलब्ध करायेंगे, उन्हें सहयोग देंगे और उन्हें प्रोत्साहित करेंगे तो निश्चित रूप से परिणाम और भी अच्छे नजर आने वाले हैं लेकिन प्रोत्साहन ईमानदार शिक्षकों को मिले न कि उन शिक्षकों को जो कि अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की खुशामद करके लाभ कमाते रहे हैं।*

## जयकारों के साथ निकला झूलेलाल गणेशोत्सव समिति का चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

गजानन सरकार श्री झूलेलाल गणेशोत्सव समिति, झूलेलाल कॉलोनी, सुभाष वार्ड मंडला के द्वारा गणेश प्रतिमा का चल समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इसमें गणपति जी की विशाल मूर्ति के साथ विभिन्न आयोजन किए गए। इसमें आरजू बैंड नैनपुर, मनीष धमाल कटंगी, गुलशन महाकाल इवेंट गोंदिया, विजय डीजे,अंकुश इवेंट के द्वारा चल समारोह में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। चल समारोह में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता की और गणपति के जयकारों के साथ खुशियां जाहिर की। समिति की ओर से युवाओं ने गणेशोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। चल समारोह में समिति की ओर से विशेष ड्रेस कोड निर्धारित किया गया, जिसमें युवा, महिलाओं एवं बच्चों ने चल समारोह को सज्जित किया और धार्मिक गीतों पर नाच गायन के माध्यम से गणेशोत्सव की शोभा बढ़ाई। आयोजन सभी इवेंट ने चल समारोह को यादगार बनाया। चल समारोह सुभाष वार्ड से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होकर विसर्जन स्थल में पहुंचा,जहां पर विधि विधान के साथ भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया गया।

ज्ञात हो कि 10 दिवसीय गणेशोत्सव के दौरान झूलेलाल गणेशोत्सव समिति द्वारा रोजाना जो सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किये गये उनमें छोटे-बड़े सभी लोगों ने न केवल भाग लिया बल्कि कार्यक्रम को बेहतर बनाने पूर्ण रूप से सहयोग भी किया। कार्यक्रम जिस तरह आयोजित किये गये उससे नई पीढ़ी को एक सकारात्मक संदेश भी गया और पूरे 10 दिन क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से किया मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के अनुग्रह राशि का अंतरण



**मण्डला।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के 7 हजार 953 प्रकरणों में 175 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस दौरान जिले के 167 पात्र श्रमिक परिवारों को 3 करोड़ 54 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम का जिले में सीधा सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में एनआईसी कक्ष मंडला से नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, श्रम पदाधिकारी राकेश कुमार मिश्रा सहित हितग्राही उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ हनुमान घाट आश्रम में हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**मण्डला।** नर्मदा तट श्री हनुमान घाट पर चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ धूमधाम एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन आयोजक सागर शर्मा जी के सहयोग से 09 से 15 सितम्बर 2025 तक किया जा रहा है। कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पूज्यश्री ज्ञानदेव जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए नगर परिक्रमा की। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद पूजन-अर्चन एवं विधिवत अनुष्ठान के साथ कथा का प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर भावविभोर होकर पुण्य अर्जित किया।

## सेवा पखवाड़ा | सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन।

# संगठन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत-प्रफुल्ल

* नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी गई शुभकामनाएं।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कल मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने एवं सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया।

श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन में किसी भी पदाधिकारी को जब बड़ी जिम्मेदारी दी जाती है तो यह उनके पूर्व कार्यों की सराहना का प्रतीक होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला प्रभारी नीरज मरकाम ने आगामी आयोजनों की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं मंच पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती मरावी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह कोकड़िया सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रदेश नेतृत्व द्वारा अनुमोदित जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री हितानंद, संभाग प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी आशीष दुबे, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की सहमति से मंडला जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष के पद में जयदत्त झा, राजेश कस्तूरचंद जैन, मंजू कछवाहा, प्रिया धुर्वे, महेंद्र पटेल, शैलेश मिश्रा, महेंद्र राठोर, रामप्रकाश साहू, पंडित सिंह धुर्वे, संतोष रजक नियुक्त किया गया। जिला महामंत्री के पद में पंडित सिंह धुर्वे, संतोष रजक, नरेश चंद्रौल को दायित्व सौंपा गया है। जिला मंत्री के पद में देवेन्द्र झा, श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जोरावर सिंह, श्रद्धा उइके करवेती, शशिकांत श्रीवास्तव, कौशल्या मरावी, रक्षा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अखिल सिहारे को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रदेश नेतृत्व एवं जिला संगठन की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की गईं तथा संगठन हित में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।



## कान्हा टाइगर रिजर्व से हाथी को किया बांधवगढ़ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

वन विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा मानव-वन्यप्राणी संघर्ष की गंभीर परिस्थितियों से निपटने एवं जंगली हाथियों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनवरी-फरवरी, 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य से आए जंगली हाथियों का दल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के आसपास के ग्राम क्षेत्रों में प्रवेश कर गया था। इन हाथियों ने ग्रामीणों के मकानों को क्षति पहुँचाई, फसलों को नुकसान पहुँचाया तथा मानव जनहानि एवं घायल होने की घटनाएँ भी दर्ज की गईं। मानव जीवन के लिये खतरा उत्पन्न होने एवं हाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 11 (1) (ए) के अंतर्गत हाथियों को पकड़ने के आदेश जारी किए गए एवं इस संबंध में एक समिति का गठन किया गया।

समिति की अनुशंसा के आधार पर पकड़े गए जंगली हाथियों को सुरक्षित रूप से बांधवगढ़ एवं कान्हा टाइगर रिजर्व में अस्थायी रूप से कैप्टिविटी में रखा गया, जहाँ उनके स्वास्थ्य की निगरानी, व्यवहार का वैज्ञानिक आकलन और खुले वन क्षेत्र में पुनर्वास की संभावना का परीक्षण किया गया। बांधवगढ़ में रखे गए हाथी को पूर्णतः स्वस्थ और उपयुक्त पाए जाने पर 20/11/2024 को खुले वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया था। दूसरी ओर, कान्हा टाइगर रिजर्व में रखे गए हाथी को स्वास्थ्यगत समस्याओं के कारण तत्काल नहीं छोड़ा जा सका और उसे विशेषज्ञ चिकित्सकों की देख-रेख में उपचार एवं पुनर्वास कार्यक्रम के तहत किसली परिक्षेत्र के अंतर्गत कोपेडबरी हाथी केम्प वेटनरी केयर फेसिलिटि में रखा गया।

दिनांक 18/08/2025 को आयोजित एलिफेंट एडवायजरी कमेटी की बैठक में कान्हा में रखे गए जंगली हाथी को पूर्णतः स्वस्थ और प्राकृतिक व्यवहार के लिये सक्षम पाया गया। समिति ने अनुशंसा की कि इस जंगली हाथी को सैटेलाइट रेडियो कॉलर लगाकर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खुले वन क्षेत्र में छोड़ा जाए, ताकि उसके मूवमेंट और व्यवहार की वैज्ञानिक निगरानी की जा सके।

कल दिनांक 09/09/2025 को सुबह 08 बजे कान्हा टाइगर रिजर्व से उक्त जंगली हाथी को सुरक्षित रूप से परिवहन ट्रक द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुये बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खुले वन क्षेत्र में छोड़े जाने हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, भा.व.से., क्षेत्र संचालक, पुनीत गोयल, भा.व.से., उप संचालक, डॉ. संदीप अग्रवाल, वन्यजीव चिकित्सक, कान्हा टायगर रिजर्व सहित वन अधिकारी एवं क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल स्थानीय ग्रामीण समुदायों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ जंगली हाथियों के संरक्षण एवं उनके सुरक्षित प्राकृतिक आवास में पुनर्वास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। सैटेलाइट रेडियो कॉलरिंग के माध्यम से भविष्य में जंगली हाथी के व्यवहार और मूवमेंट की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी, जो मानव-जंगली हाथी संघर्ष को कम करने की रणनीतियों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।

# पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने वाली स्कार्पियो पलटी

## तलाशी में निकली अवैध शराब, गाडरवारा पुलिस ने शुरू की जांच









हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

जब कोई व्यक्ति अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहता है तो उसकी पहचान पुलिस द्वारा उसके हाव भाव देखकर आसानी से कर लेती है। इसी लिये कहा जाता है कि चोर की दाड़ी में तिनका होता है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सोमवार की रात गाडरवारा क्षेत्र में देखने मिली है। अवैध रूप से शराब का परिवहन करने वाले स्कार्पियों चालक ने जब पुलिस को खड़ा देखा तो वह हडबडाहट में तेज गति से भागने का प्रयास करने के दौरान अचानक उसकी गाड़ी पलट गई। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने जब पलटी हुई गाड़ी को सीधा कराया तो उसके अंदर से भारी मात्रा में अवैध शराब पाई गई। घटना की सच्चाई का खुलासा करते हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक डा. ऋषिकेश मीना द्वारा सभी थाना प्रभारियों को संदिग्धों पर पैनी नजर रखने के साथ साथ रात्रिकालीन गस्त में वाहन चौकिंग के लिये सख्त निर्देष दिये गये है। इस तरह सोमवार की रात अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के निर्देषन व नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में गाडरवारा पुलिस की टीम में शामिल उप निरी अमित गोटिया, अर्जुन सिंह बघेल, सउनि राजेश शर्मा, आरक्षक मोहन चौरे, रुपेन्द्र चौबे, सुजीत बागरी, बाल कृष्णा रघुवंशी बल्लू, ऐश्वर्य वेंकट, शिवम पटेल, कृष्णकांत गोपाले, अक्षय श्रीवास्तव देवेन्द्र सोनवंशी, महेन्द्र वावरिया हरिशंकर द्वारा नगर के शांतिदूत तिरहा के पास रात्रिकालीन गस्त की जा रही थी। इसी दौरान सांईखेड़ा की ओर सफेद रंग की स्कार्पियो गाड़ी क्रमांक MP 49-C-2568 जिसके कांचों पर काली फिल्म लगी हुई थी। इस गाड़ी का चालक पुलिस को खड़ी देख तेज गति से भागने लगा तो पुलिस को संदेह पैदा होने के चलते जब पुलिस द्वारा गाड़ी का पीछा किया तो यह स्कार्पियों कौड़िया मार्ग पर मजार के समीप पलट गई और उसका चालक गाड़ी के अंदर दब गया। पीछा कर रही पुलिस ने तुरंत घायल स्कार्पियों चालक को उपचार के लिये शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया जिसकी स्थिति गंभीर होने के चलते डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिये रेफर कर दिया गया था। मगर बताया जाता है कि वहां से भी जबलपुर के लिये रेफर किया गया है जिसकी स्थिति गंभीर बताई जाती है.? वही जब पुलिस ने पलटी हुई स्कार्पियों की जांच की गई तो उसके अंदर भारी मात्रा में अवैध शराब मिली। इस तरह पुलिस द्वारा पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने वाली स्कार्पियों की तलाशी लेने पर उसके अंदर से देशी मसाला एवं प्लेन शराब कुल 36 पेटी यानि की 329 लीटर जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 13 हजार के लगभग को जप्त करने के साथ साथ दुर्घटना ग्रस्त हुई स्कार्पियों को भी जप्त किया गया हे। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि स्कार्पियों चालक गंभीर रूप से घायल होने के चलते उससे कोई पूछताछ नही हो पाई है जिससे अभी तक इस बात का खुलासा नही हो सका है कि यह शराब कहा से लाई जा रही थी और कला ले जाई जा रही थी..? मगर यह बात जरूर है कि शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा था जिसको पकड़ने में गाडरवारा पुलिस टीम सफल हुई है। वही स्कार्पियों के संबंध में जब जानकारी एकत्र की गई तो पता चला है कि यह स्कार्पियों किसी अकलेश परते निवासी खुरसीपार उमरिया थाना गोटेगांव के नाम पर है। इस तरह पुलिस ने वाहन चालक सहित वाहन मालिक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच शुरू कर दी गई।





# संभाग स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में विद्यार्थियो ने दिखाए जौहर







हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार संभाग स्तरीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसी के चलते नगर की एक निजी शिक्षण संस्था में आयोजित इस प्रतियोगिता मे 19 आयु वर्ग बालक /बालिका अंतर्गत जबलपुर संभाग के जिलों के अंतर्गत आने वाले विद्यार्थियों की टीमों ने सहभागिता की गई। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र का पूजन कर किया गया। तदोपरांत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के अलावा खेल भी जरुरी है, सभी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता मे बेहतर खेल का प्रदर्शन करें। इसी प्रकार से नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने बाहर से आई हुई टीमों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि नगर मे पिछले वर्ष राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। इस वर्ष भी राष्ट्रीय व्हालीबाल प्रतियोगिता आयोजित होगी। हमारे नगर का बड़ा सौभाग्य है कि क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री के प्रयासों के चलते हमारे नगर में लगातार दूसरे साल इस तरह से राष्ट्रीय स्तर के खेलों का महाकुंभ लगने जा रहा है। निश्चित ही इस आयोजन के माध्यम से हमें खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन देखने को मिलेगा। वही दूसरी ओर हमारे नगर व क्षेत्र के बच्चें भी इन खेलों को देखकर आगे बढ़ने का प्रयास करेगे। वही कार्यक्रम को मिनेन्द्र डागा एवं श्रीमति बसंती पालीवाल ने भी सम्बोधित करते हुए प्रतियोगिता के आयोजन पर प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर स्वागत भाषण संकुल प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक स्वाति चौहान ने किया। शुभारंभ कार्यक्रम मे किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहरकांत पटैल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, हर्ष पाठक, शेख सोहेल खान, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या जिला क्रीड़ा प्रभारी के आलवा विक्रम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वही अतिथियों ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। आयोजित हुई प्रतियोगिता मे बालक वर्ग के मैचों मे छिंदवाड़ा ने कटनी को तो सिवनी ने मंडला को तथा जबलपुर ने बालाघाट को पराजित किया गया। इसी प्रकार बालिका वर्ग के मेचों मे नरसिंहपुर ने छिंदवाड़ा को एवं बालाघाट ने जबलपुर को हराया। मेचों के दौरान बारिश आ जाने के चलते शेष मेचों को जिला मुख्यालय नरसिंहपुर के लिये शिफ्ट किया गया है। प्रतियोगिता के आयोजन मे मनीष कटारे, मुकेश पटैल, अजय सोनी, तरुण वारसकर,आदित्य द्विवेदी, परेश शर्मा, के के दुबे मधुसूदन पटैल, आरिज खान, के बी कौरव,सीमा कुशवाहा, स्वाति चौहान, रोहित वाल्मीक, अजीत उपाध्याय ने सहयोग प्रदान किया गया।





## कैसे सफल होगा देश के प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत का सपना पूरा, गांव के रास्तों पर कीचड़ का साम्राज्य

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गांवों को स्वाच्छ बनाने के लिए स्वाच्छता मिशल चलाते हुए करोड़ो रूपया खर्च किये जा रहे है? मगर वही दूसरी ओर जब गांवों की स्थिति देखी जा रही है तो सरकार द्वारा स्वच्छता पर किये जा रहे पैसा खर्च करना सिर्फ बर्बादी के आलवा और कुछ दिखाई नही दे रहे है? क्योंकि स्वच्छता के नाम पर हर पंचायत में लाखों रूपया खर्च होने के बाद भी गांवों की सड़कों पर कीचड़ का साम्रज्य स्थापित होने से जहां पंचायत की भूमिका पर सबाल खड़े होते हुए जान पड़ रहे है? वही दूसरी ओर इस अभियान को सफल बनाने के लिए अमली जामा पहनाने के लिए नियुक्त किये गये सरकारी कर्मचारियों की भूमिका भी गांवों की स्थिति को देखते हुए संदेह के घेरे में आते हुए जान पड़ रही है? क्योकि जिस प्रकार से गांवों की सड़के कीचड़ से भरी पड़ी हुई है उसके बीच से जहां ग्रामवासियों का निकालना दुभर हो रहा है। वही दूसरी ओर गंदगी के चलते गांवों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैलने का भी भय दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि पंचायतों द्वारा गांवों में स्वच्छता के नाम पर तो लाखों रूपया खर्च डाले है मगर इसके बाद भी कोई सुधार दिखाई नही दे रहा है। इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है जहां पर स्थिति इस प्रकार से बनी है कि गांव के अंदर की सड़कों पर जहां पूर्णरूप से कीचड़ का साम्रज्य स्थपापित हो गया है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब गांवों में इस प्रकार से गंदगी का साम्राज्य स्थापित रहेगा तो मौसमी बीमारियों से जंग जीतने में कहा तक सफलता मिल पायेगी? कुछ इसी प्रकार का हाल सांईखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में भी देखने मिल रहा है जहां पर बताया जाता है कि जहां गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा खुलेआम सड़कों पर अपने मवेशी बांधते हुए सड़को को कीचड़ युक्त किया जा रहा है वही दूसरी ओर लोगों के घरों से निकलने वाली पानी के बहाव हेतु उचित नालियों का निर्माण नही होने से लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़को से होकर जाने से गांव के अंदर की सड़क कीचड़ से बजबजा रही है?



## पीएमश्री बीटीआई स्कूल में आयोजित की गई विकास खंड स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्थानीय पीएमश्री शासकीय बीटीआई स्कूल में बीते हुये दिवस विकासखंड स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन मे किया गया। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता मे साईंखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के शाला स्तर पर चयनित छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन साहित्यिक, सांस्कृतिक सहित अन्य विधाओं मे किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी प्राचार्य श्रीमति पुष्पा बऱहैया के निर्देशन एवं प्रभारी श्रीमति अर्पणा ब्राउन के कुशल मंच संचालन मे आयोजित हुई। इस आयोजन की विधा स्वरचित काव्य पाठ मे राज मेहरा ने व पुस्तक आधारित काव्य पाठ मे मुस्कान कहार ने तो वाद विवाद मे गगन रजक प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। इसी पकार से तात्कालिक भाषण मे मेघा सराठे, सुगम संगीत मे विद्या मालवीय, टिमकी वादन मे तनुज कीर, ढोलक वादन मे नमन साहू, शास्त्रीय नृत्य मे छात्रा श्रीदुबे, सामूहिक नृत्य व लोकगीत मे कन्या शाला, वेदपाठ मे माधव पाठक, संस्कृत भाषण मे कुमकुम गोस्वामी, स्वरचित ग़ज़ल मे यासीर हुसैन, निबंध लेखन संस्कृत मे अंशिका कुशवाहा, निबंध लेखन हिंदी मे रिया लोधी एवं चित्रकला मे ईशान हुसैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बताया जाता है कि इन सभी चयनित छात्र छात्रायें जिला स्तर पर ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन के निर्णायक पैनल मे पुष्पा बरहैया, योगेंद्र झारिया, प्रमोद राय, अर्चना नामदेव, तरुण श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# बैक संचालकों की मनमानी व अधिकारियों की चुप्पी आम जन के लिये बन रही परेशानी का कारण, स्कूली छात्रा छात्राओं का निकलना हो रही मुश्किल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

विकास की गति पकड़ रहे गाडरवारा क्षेत्र में इन दिनों जहां नई नई बैक शाखाये आते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर पूर्व में संचालित बैकों द्वारा भी शहर के पुराने स्थलों पर परेशानियों के चलते दूसरे स्थानों पर परिवर्तित होते हुये देखी जा रही है। इस तरह देखा जावे तो गाडरवारा शहर का राठी तिरहा से लेकर पलोटन गंज तक मुख्य मार्ग माना जाता है। इस मार्ग पर लगातार बैक शाखाओं को स्थापित होते हुये देखा जा रहा है। मगर जिन स्थानों पर यह बैक शाखाये स्थापित हो रही है उन स्थानों पर ग्राहको के लिये वाहन खड़े करने की पर्याप्त सुविधा नही होने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनने से नही चूक पाती है। क्योंकि लोगों द्वारा बैकों को अपने आवासों में सभी प्रकार की सुविधाये उलब्ध कराने की बात कहते हुये किराये पर तो दे दिये जाते है। मगर जब बैक स्थापित हो जाती है तो वह सुविधाये गायब रहने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इस बात की सच्चाई सच्चाई इस समय नगर के पलोटन गंज क्षेत्र में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय की ओर जाने वाले मार्ग पर बीते हुये वर्षो में अनेक बैके स्थापित हो चुकी है। मगर इन बैकों द्वारा अपने ग्राहकों को वाहन खड़े करने के लिये पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नही कराये जाने के कारण जहां बैक आने जाने वाले लोगों द्वारा मुख्य मार्ग पर ही अपनी वाहन खड़े कर दिये जाते है। इस स्थिति के चलते इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहना आम बात हो चुकी है। इतना ही नही कभी कभी हालत तो इस तरह से देखे जाते है लोगों द्वारा यहां पर निवास करने वाले लोगों के घरों के सामने तक वाहन खड़े करते हुये बैंक के अंदर चले जाते है। जिसके चलते लोग अपने घरों से नही निकल पाते है। इस मार्ग से जहां गांवों से आने वाले लोग पुलिस थाना, न्यायालय, तहसील कार्यालय, शासकीय चिकित्सायल आना जाना करते है दूसरी ओर यह मार्ग अनेक स्कूलों को भी पहुचाता है। इस हालत में प्रतिदिन स्कूली छात्र छात्राओं को भी अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। इतना ही नही कभी कभी तो हालत इस तरह से निर्मित होते हुये देखे जाता है कि जब कोई एम्बुलेंस गाड़ी किसी मरीज को लेकर शासकीय चिकित्सालय जा रही होती है और इन बैक शाखाओं के सामने मुख्य मार्ग पर खड़े रहने वाले वाहनों के चलते एम्बुलेंस तक नही निकल पाती है। इस स्थिति में मरीज की जिन्दगी को खतरे में पड़ते देखा जाता है। इस तरह लोगों द्वारा बगैर पार्किग सुविधाओं के अपने मकान बनाते हुये बैकों को किराये से दिये जाने के कारण आम लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।





## शहर के मुख्य चौराहों से लेकर सरकारी कार्यालय के सामने पशुओं का डेरा रहने से बन रही दुर्घटनाओं की अशंका...?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** लोग अपने घरों में दूध खाने के लिए जिस प्रकार से पालते है, मगर उनकी देख रेख करने की जगह नगरवासियों को परेशानी शानी पैदा करने छोड़ देते है? पशु मालिक दूध निकालकर दुधारू पशु को अपने घर से डण्डा मारकर बाहर निकाल देते है जियके चलते शाम होते ही शहर के मुख्य मार्गो में आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। इसी का परिणाम है कि आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस प्रकार से आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों में जाम लगना आम बात हो गई है और आमलोग जाम से तंग आ चुके है। क्योंकि इन जानवरों को हटाये जाने को लेकर न तो प्रशासन गंभीर दिख रहा है और न ही पशु मालिक, ऐसे में आम नागरिको को काफी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। कहने के लिये तो कुछ माह पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी करते हुये लोगों को अवगत कराया गया था कि सड़को पर घूमने वाले पशुओं को पकड़कर शहर के बाहर छोड़ने के लिये एक टीम का गठन किया है। मगर पता नही वह टीम कहा काम कर रही है इस बात का पता नही नही चल पा रहा है? यदि गौर किया जावे तो इन दिनों शहर के प्रमुख स्थान पलोटन गंज, रेल्वे स्टेशन रोड़, झंडाचौक, पुरानी गल्लामंडी, राठी तिरहा, आमगांवनाका, नया बस स्टेन्ड सहित अनेक स्थानों पर यह मवेशी अपना डेरा जमाये आये दिन हादसो को भी आमंत्रित करते रहते है। इतना ही नही नगर के पुलिस के थाने के सामने भी पशुओं का डेरा होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है। इस प्रकार बेपरवाह पालक शहर की सड़को पर आवारा घूम रहे इन जानवरो के पालक पूरी तरह से बेपरवाह बने रहते है।

**बृहताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित (समस्त समितीया)**
**शाखा सालीचौका**

**आम सूचना** दिनांक -08/09/2025

महानुभव,
संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता हैं कि संस्थाओं की वार्षिक साधारण सभा निम्नानुसार दिनांकों को संस्था कार्यालय में आयोजित की गई है। जिसमें समस्त अंशधारी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थननीय है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | समिति बाबई कला | दिनांक - 28-09-2025 |
| 2. | समिति पचामा | दिनांक - 28-09-2025 |
| 3. | समिति बसुरिया | दिनांक - 29-09-2025 |
| 4. | समिति अमाडा | दिनांक - 29-09-2025 |
| 5. | समिति इमलिया | दिनांक - 30-09-2025 |

दिनांक-08/09/02025

निवेदक
समस्त समिति प्रबंधक
बाबई / पचामा / बसुरिया / अमाडा / इमलिया

**खबर संक्षेप**

### सूकरी पटवारी बाइक की टक्कर से घायल

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस क्षेत्र के सूकरी मौजा में पटवारी के पद पर पदस्थ तथा ग्राम बम्हौरी निवासी शुभम पिता सुशील कुमार पटैल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह वह अपनी स्कूटी से साथी राज प्रताप के साथ गाडरवारा जा रहा था उस समय ग्राम कौड़िया मरघटा नाले के पास मुख्य मार्ग से एक मोटर साईकिल क्रमांक MP49ZC0342 के चालक द्वारा अपनी बाइक को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये प्रार्थी की स्कूटी में टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी शुभम पटैल व साथि राज प्रताप पटैल दोनों गिर जाने के कारण घायल होने के चलते पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ससुराल वालों द्वारा गाली दिये जाने पर पत्नी से की मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के शुभाष वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि बीते हुये दिवस जब वह अपने घर थी तो उसी समय प्रार्थिया के पति अतीष गुप्ता द्वारा प्रार्थिया से बोला की तेरे मायके वाले फोन लगाकर गाली दे रहे है। इस बात को लेकर प्रार्थिया ने अपने पति से बोला की वह गाली दे रहे है तो उनसे बोला मुझे कोई बोल रहे हो। इसी बात को लेकर पति द्वारा अपनी पत्नी को गंदी गंदी गालिया देते मारपीट करने के साथ धक्का देकर गिरा दिया गया जिसके चलते प्रार्थिया को चोटे आई वही जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई

**चीचली।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बारहाबड़ा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह खेत से घर आ रहा था उसी समय रास्ते में गांव के मनीष अहिरवार मनोज पाली के साथ किसी बात को लेकर लड़ाई कर रहा था। इस तरह लड़ाई होते देख प्रार्थी द्वारा मनीष को समझाने का प्रयास किये जाने पर मनीष द्वारा प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खेत के रास्ते को लेकर की गई मारपीट

**चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम गोटीटोरिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने खेत से मोटर साईकिल लेकर घर जा रहा था उसी दौरान ग्राम मोहपानी निवासी मेहरवान पिता हल्कोरी ठाकुर मिला और खेत के रास्ते की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### तालाब के पास खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि लगातार चढ़ रही अतिक्रमण की भेंट

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि जब लोगों को कही शासकीय खाली पड़ी हुई भूमि नजर आती है तो वह उस पर अपनी छोटी छोटी टपरिया बनाते हुए उस पर कब्जा करना शुरू कर देते है, मगर प्रशासन द्वारा इस प्रकार से शुरूआती तौर के कब्जे को नजर अदांज किये जाने का परिणाम यह होता है कि जहां शासकीय भूमि गायब हो जाती है और जब उस अतिक्रमण को हटाने का प्रयास किया जाता है तो फिर काफी समय बीत चुका होता है जिसके चलते अतिक्रमणकारियों का बचाव करने के लिए अनेक प्रभावशाली लोग खड़े हुये नजर आने लगते है।

**खबर संक्षेप**

## हादसों का खतरा, झूलते तारों और कम वोल्टेज से ग्रामीण परेशान



डिंडौरी। जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चटुवा के ग्रामीण लंबे समय से बिजली की समस्याओं से जूझ रहे हैं। झूलते हुए तार, कम वोल्टेज और लगातार बिजली कटौती ने ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुँचे जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने बताया कि गाँव में खंभों से जुड़ी तारें कई जगहों पर नीचे तक झूल रही हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पहले भी दो बार धान के भूसे में आग लग चुकी है। बरसात के दिनों में तारों से करंट उतरने का खतरा बढ़ जाता है और ग्रामीणों की जान पर बन आती है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बिजली आती भी है तो वोल्टेज इतना कम रहता है कि घरों में अंधेरा ही छाया रहता है। अंधेरे के कारण सर्प और कीड़े-मकोड़ों का खतरा बना रहता है और बच्चे ढंग से पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं। श्री चंदेल ने बताया कि कई बार जनपद पंचायत की सामान्य सभा एवं बिजली विभाग को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस सुधार कार्य नहीं किया गया। हाल ही में समीपस्थ गाँव में तार टूटने की घटना हुई, उस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों के फोन तक नहीं उठा रहे थे। शिकायत करने आए जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने कलेक्टर से हस्तक्षेप कर तारों की मरम्मत, आवश्यक सुधार कार्य एवं नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि गाँव में सुरक्षित माहौल बन सके और बच्चे सुचारु रूप से पढ़ाई कर सकें।

## अवैध बम रखने वाले 2 आरोपियों को 10-10 साल की सजा

डिंडौरी। थाना शहपुरा के प्रकरण क्रमांक 82/2018 एवं 93/2024 में अभियोजन अधिकारी और मीडिया सेल प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि दो आरोपियों को अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ रखने के मामले में दोषी पाया गया। अभियुक्त मचाले बहेलिया (पिताः पटा मुंडी, उम्र 25 वर्ष) और मंजीत बहेलिया (पिताः देवल बहेलिया), निवासी पड़रियाकला, थाना शहपुरा, जिला डिंडौरी, ने अपने पास रखे 44 बम के संबंध में कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया।माननीय न्यायालय शिवकुमार कौशल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, डिंडौरी ने दोनों आरोपियों को धारा 4(बी) विस्फोटक अधिनियम के तहत 10-10 वर्ष कठोर कारावास और 1000-1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। कोर्ट ने आदेश दिया कि अर्थदंड का भुगतान न करने पर अतिरिक्त 6-6 माह साधारण कारावास भुगतना होगा।

## सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति की बैठक सम्पन्न



डिंडोरी। आगामी शारदेय नवरात्र के मद्देनजर प्राचीन धर्म स्थली मुख्य बस स्टैंड कस्बा शाहपुर में प्रतिवर्षानुसार जगत जननी माँ आदि शक्ति जगदम्बा जी की शारदेय नवरात्र में प्रतिमा स्थापना को लेकर क़स्बा के प्रबुद्धजनों की गरिमामयी उपस्थिति में श्री दुर्गा उत्सव समिति की बैठक हुई जिसमें उपस्थित लोगों की आम सहमति से मिथलेश साहू को अध्यक्ष शुभम साहू को उपाध्यक्ष राजेन्द्र तंतवाय को सचिव एवं कोषाध्यक्ष राहुल साहू विपिन साहू को सर्वसम्मति से चुना गया तथा नवरात्र पर्व को धूमधाम एवं शांतिपूर्ण ढंग से का निर्णय लिया गया यहां बता दें कि क़स्बा का मुख्य बस स्टैंड में स्थित शिव मंदिर क़स्बा के श्रद्धालु भक्तों के आस्था का केंद्र है!हमारे हिन्दू सनातन धर्म के प्रत्येक धार्मिक पर्व के आयोजन वर्षों से होते आ रहे हैं!बैठक में मन्नू लाल साहू, राजकुमार साहू, मनोज साहू, यदुनंदन नामदेव, सरपंच राजू बनवासी, कमलेश ठाकुर, सत्येन्द्र कश्यप, दिलीप कश्यप, राजा कश्यप, विष्णु बर्मन, अशोक कछवाहा सहित क़स्बा के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे!

## अमरपुर ब्लॉक स्तरीय अतिथि शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक संपन्न

अमरपुर। विकासखंड मुख्यालय अमरपुर में अतिथि शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्र किशोर हरदहा के नेतृत्व में रखी गई। आयोजित बैठक में आगामी 16 सितम्बर को होने वाली गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रुपरेखा बनाई गई।

# बरसात में बहा पुल, कभी भी हो सकता हैं हादसा

शहपुरा

**शहपुरा विकासखंड के अमठेरा गांव में झारिया मोहल्ला को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली पुलिया बारिश में ढह गई। झारिया मोहल्ला की आबादी करीब 1500 से अधिक है, जिनकी आवाजाही का यह एकमात्र रास्ता था। पुलिया क्षतिग्रस्त होने से अब ग्रामीण रोजाना जान जोखिम में डालकर इसी जर्जर पुल से गुजरने को मजबूर हैं।**





ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया से बमुश्किल दोपहिया वाहन गुजर पा रहे हैं, वहीं चार पहिया वाहन और एम्बुलेंस की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। इससे आपातकालीन स्थिति में गांव के लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। , वर्ष 2010-11 में जनजातीय कार्य विकास विभाग द्वारा इस पुलिया और सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के समय ही भ्रष्टाचार किया गया और नींव तक सही से नहीं खोदी गई। नतीजतन, भारी बारिश में पुलिया का एक हिस्सा बह गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पुलिया का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके और कोई बड़ा हादसा टल सके।

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 75 आवेदन अधिकांश का हुआ त्वरित निराकरण



डिंडौरी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई में कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर दिया गया। वहीं जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उनके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्राम कुटेलीदादर के ग्रामीणों ने जनमन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि अधूरा कार्य बंद होने से विद्यार्थियों और आमजन को पाँच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

इसी तरह ग्राम जमुनिया के एक आवेदक ने वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए पात्र घोषित होने के बावजूद आज तक आवास न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। ग्राम बरबसपुर के निवासियों ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी।

ग्राम पंचायत चटुवा के लोगों ने गाँव में लगे जर्जर विद्युत तारों की मरम्मत और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की माँग की। उनका कहना था कि तारों के टूटने से हादसों का खतरा बना रहता है और पर्याप्त रोशनी न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ग्राम पंचायत पंकू टोला के ग्रामीणों ने बरसात के मौसम में कच्चे रास्तों की समस्या उठाई। उन्होंने वैकल्पिक सड़क निर्माण कार्य को मंजूरी देने एवं राशि उपलब्ध कराने की मांग की।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बिलासर की दुर्गा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने तालाब में मछली पालन कार्य प्रभावित होने और पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी की शिकायत अधिकारियों से की। इसके अलावा अन्य ग्रामीणों ने पेयजल संकट, राजस्व भूमि विवाद और शासकीय योजनाओं से जुड़ी समस्याएँ भी अधिकारियों के सामने रखीं।

# दर्जनों स्कूल भवन की स्थिति जर्जर, मरम्मत की दरकार



अमरपुर।

शासन के लाख दावों की पोल खोलता अमरपुर ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था बद से बद्तर स्थिति में दिखाई दे रहा हैं। इससे पहले भी अनेक स्कूलों में भवन दुर्दशा की खबरें समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बावजूद अमरपुर ब्लॉक मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम देवरी में संचालित माध्यमिक शाला भवन जोकि सालों से जर्जर स्थिति में पहुंच जाने के बाद पिछली वर्ष से ही शाला संचालन बंद कर दिया गया हैं।

अतिरिक्त कक्ष में ही शाला का संचालन किया जा रहा था। जहां बारिश के मौसम में छत के ऊपर प्लास्टिक पन्नी लगाकर कक्षाएं संचालित की जा रही थी। जिस माध्यमिक शाला में 123 छात्र, छात्राएं अध्यनरत हैं। जिन्हें महज 2 कमरों में बैठा कर अध्यापन कार्य किया जा रहा हैं। जहां विगत दिवस एक कक्ष के लेंटर का प्लास्टर गिरने से 4 छात्रों को मामूली चोटे आई। जिन्हें शिक्षक धनगर द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर में इलाज हेतु लाया गया। प्राथमिक उपचार बाद छात्राओं को छुट्टी दे दी गई। परंतु सवाल यह उठता हैं कि माध्यमिक शाला भवन वर्षों से क्षतिग्रस्त हैं।

तब प्रशासन को जानकारी होते हुए भी किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की जा रही हैं। इसके साथ ही और स्कूल भवन ऐसे हैं। जिनमें प्लास्टिक पन्नी लगाकर शाला संचालन किया जा रहा हैं। जैसे प्राथमिक शाला बटिया, प्राथमिक शाला बोधघुण्डी आमाटोला, कमकोमोहनियां हायर सेकेंडरी स्कूल भवन जोकि सभी मुख्य मार्ग के किनारे हैं। फिर भी कोई जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दिए हैं। शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार हैं। जबकि शालाओं के निरीक्षण के लिए बीएसी, सीएसी, बीआरसी, संकुल प्राचार्य, बीईओ नियुक्त कर पदस्थ किए गए हैं। फिर भी व्यवस्थाएं जस की तस बनी हुई हैं।

### इनका कहना हैं-

मैं कल ही देवरी गया था उन सभी छात्राओं के घर जाकर मुलाकात किया हूं, वह पूर्णतः स्वस्थ हैं। क्षतिग्रस्त भवनों की जानकारी बीआरसी के माध्यम से जिला अधिकारियों को भेजी गई हैं।

**व्ही के चिचाम ,बीईओ**

# राज्य स्तरीय कार्यशाला में डिंडौरी जिले के डीसीएम दिलीप कछवाहा सम्मानित




डिंडौरी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश और सहयोगी संस्था अरमान फाउंडेशन द्वारा भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में डिंडौरी जिले के जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर (डीसीएम) दिलीप कछवाहा को "किलकारी" और "मोबाइल एकेडमी" कार्यक्रम को 100 प्रतिशत सफलतापूर्वक पूरा कराने पर माननीय उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डिंडौरी के मार्गदर्शन में चलाए गए इस कार्यक्रम में जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कार्यशाला में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वरिष्ठ संयुक्त संचालक (आशा कार्यक्रम) डॉ. राकेश बोहरे ने बताया कि प्रदेश के कुल 26 जिलों के डीसीएम को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। "मोबाइल एकेडमी" आशा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए एक ऑडियो आधारित पाठ्यक्रम है, जो उनके ज्ञान को बढ़ाता है और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में मदद करता है। वहीं "किलकारी" गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के माता-पिता के लिए एक साप्ताहिक ऑडियो संदेश सेवा है, जो गर्भावस्था, प्रसव और शिशु देखभाल से संबंधित जानकारी प्रदान करती है। इस अवसर पर अपर मिशन संचालक मनोज कुमार सरियाम, सभी जिलों के डीसीएम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में आशा कार्यकर्ता श्रीमती जानकी ग्राम चांडा, विकासखंड बजाग को भी सम्मानित किया गया। जिले की सभी ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर और आशा कार्यकर्ताओं को भी इस सफलता के लिए राज्य स्तर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# दो माह से मानदेय से वंचित ग्राम रोजगार सहायक, महासंघ ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन






डिंडौरी।

जिले में ग्राम रोजगार सहायक संघ-मनरेगा, ग्राम रोजगार सहायक महासंघ एवं पंचायत सहायक सचिव कर्मचारी संघ के संयुक्त संगठन (मोर्चा) मध्यप्रदेश ने ग्राम रोजगार सहायकों (सहायक सचिवों) का लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग उठाई है। संगठन द्वारा मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

संयुक्त संगठन ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आयुक्त एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि विगत दो माह से ग्राम रोजगार सहायक मानदेय से वंचित हैं। इस दौरान रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी जैसे प्रमुख त्यौहार बिना मानदेय के ही बीत गए। संगठन ने कहा कि भुगतान में लगातार हो रही देरी से ग्राम रोजगार सहायक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसका सीधा असर उनकी कार्य क्षमता और मनोबल पर पड़ रहा है। ग्राम स्तर पर विकास योजनाओं के सफल संचालन की जिम्मेदारी उन्हीं पर है, लेकिन समय पर परिश्रम का प्रतिफल न मिलना खेदजनक है।

# शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में विश्व साक्षरता दिवस एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम का भव्य आयोजन




शहपुरा

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में विश्व साक्षरता दिवस एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्वीटी यादव के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. एल. एन. साहू के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वॉलिंटियर्स एवं छात्रों-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रसायन विभाग के विभाग प्रमुख डॉ. प्रदीप तिवारी एवं डॉ. सुषमा मिश्रा ने विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर ज्ञानवर्धक एवं कर्तव्यपूर्ण संदेश साझा किए। उन्होंने समाज में साक्षरता के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री राम ठाकुर, डॉ. अनिल झरिया, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. परमेश साकेत, डॉ. शिवपाल पटेल, डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. राजू रैदास, डॉ. सी. एल. रैदास, डॉ. सरिता कुशवाहा सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री कैलाश भवेदी द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों ने सराहा। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन की साक्षरता व स्वास्थ्य संवर्धन योजना के तहत आयोजित किया गया, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। कार्यक्रम ने न केवल विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा भी दी।

# तहसील शहपुरा में स्थानीय युवा सर्वेयरों की कार्यकारिणी गठन



**शहपुरा।** तहसील शहपुरा कार्यालय में स्थानीय युवा सर्वेयरों की भागीदारी से तहसील स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह पहल क्षेत्रीय युवाओं को सशक्त बनाने और विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के लिए निम्न सदस्य चुने गए:

अध्यक्ष चेतराम उईके,उपाध्यक्ष सावित्री तेकम,सचिव देवानंद कुंजाम,मीडिया प्रभारी संजू सिंह आर्मो।कार्यकारिणी गठन का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की सही जानकारी आम जनता तक पहुँचाना, स्थानीय जन समस्याओं का सरकार तक प्रभावी रूप से संप्रेषण करना, जन जागरूकता कार्यक्रम चलाना और युवाओं को समाज सेवा में सक्रिय बनाना बताया गया। अध्यक्ष चेतराम उईके ने कहा कि कार्यकारिणी क्षेत्र के विकास कार्यों में पारदर्शिता और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। उपाध्यक्ष सावित्री तेकम ने सभी को मिलकर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। सचिव देवानंद कुंजाम ने बताया कि जल्द ही क्षेत्र में सर्वे अभियान प्रारंभ किया जाएगा, ताकि वास्तविक आंकड़ों के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान किया जा सके। मीडिया प्रभारी संजू सिंह आर्मो ने मीडिया के जरिये योजनाओं की व्यापक जानकारी देने का वादा किया। यह कार्यकारिणी आने वाले समय में क्षेत्रीय विकास व सामाजिक जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## खबर संक्षेप

### एएनएम भर्ती अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण हेतु बुलाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पिटिशन क्रमांक 5747/2023 तथा संबंधित अन्य याचिकाओं पर पारित आदेश के पालन में जिले में एएनएम भर्ती की प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ परीक्षण हेतु बुलाया गया है। कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 अंतर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) पद हेतु सीधी भर्ती की संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तथा प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने सभी मूल दस्तावेज़ों सहित 09 से 13 सितम्बर 2025 तक कार्यालयीन समय में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

### सड़क हादसे मे दो घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के खुर्सीपार गांव के पास रात को एक सड़क हादसा हुआ। दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो किसान घायल हो गए। घायलों में मेहगांव निवासी 40 वर्षीय झाम सिंह यादव और झुरकी निवासी 35 वर्षीय समन बरकड़े शामिल हैं। हादसे के समय एक बाइक घंसौर से भिलाई की तरफ जा रही थी, जबकि दूसरी बाइक घंसौर से खापा की तरफ। खुर्सीपार गांव के पास दोनों बाइक टकरा गईं। : प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस चालक संदीप श्रीवास्तव ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद झाम सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत धनौरा में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय ओरियेंटेशन बीएलओ एवं कार्यशाला का आयोजन

**सिवनी ।** विकासखंड अधिकारी धनौरा ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय ओरियेंटेशन बीएलओ एवं कार्यशाला का आयोजन दिनाँक 02/09/2025 से 03/09/2025 तक तहसीलदार धनौरा की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया ।
इस योजना के तहत धरती आबा के चयनित 50 ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र स्थल का चयन कर प्रत्येक ग्राम में आदि सेवा केन्द्र के रूप में स्थापित किया जाना है। डीएमटी पियूष बोपचे द्वारा बताया गया कि प्रत्येक ग्राम हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार कराई जाकर विकासखण्ड स्तरीय कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है। धरती आबा में चयनित ग्रामों को क्लस्टर में बॉटकर प्रत्येक क्लस्टरों में बैठक का आयोजन किया जाना है, जिसमें ग्राम के सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। इसमें बीएमटी ग्राम स्तरीय कार्ययोजना हेतु प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण उपरांत ग्राम स्तर के सभी विभागों के प्रतिनिधि, जनजातीय समुदाय, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से ग्राम के विकास की कार्ययोजना तैयार करेंगे एवं सभी विभाग के कर्मचारी ग्राम की आवश्यकताओं को जानने के लिये समुदाय के साथ ग्राम में ट्रांजिट वॉक करेंगे, एवं सभी मिलकर ग्राम का विजन प्लान तैयार करेंगे। डीएमटी पियूष बोपचे द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला में विविध गतिविधियों के माध्यम से जिला स्तर से जारी कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया जो रोचक एवं प्रभावी रहा। इस कार्यशाला में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धनौरा नोडल अधिकारी आदि कर्मयोगी अभियान, विकासखंड अधिकारी धनौरा सहायक नोडल अधिकारी बीएमटी आदि कर्मयोगी अभियान, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा सहायक नोडल अधिकारी आदि कर्मयोगी अभियान, बद्री सराठे बीएमटी एवं अन्य सभी बीएमटी आदि कर्मयोगी अभियान द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को आदि कर्मयोगी अभियान से अवगत कराया।

### 3 देशी पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस जप्त

# युवक को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार







**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के तिंदनी रोड के पास नकाबपोश व्यक्ति द्वारा युवक को गोली मार दी जिससे युवक घायल हो गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 देशी पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस जब्त किए गए। सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को 3 घंटे मे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध हथियारों की सप्लाई के स्त्रोतों का पता लगाते हुए दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे की जा रही कार्रवाई मे जिले सप्लाई किए जा रहे अवैध हथियारों को पकड़ने मे सफलता भी मिल सकती है।

#### मामला इस प्रकार

थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी युवक को तिंदनी रोड के पास गोली मार दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हर्षित नायक पिता राजेश नायक 28 वर्ष सांकल रोड को नकाब पोश व्यक्ति द्वारा गोली मार दी गई। बताया गया कि हर्षित जिम गया हुआ था लौटते समय अपने दोस्त को घर छोड़ने गया हुआ था तिंदनी रोड नहर के पास खड़े हुए थे तभी तेज रफ्तार बाईक आई और गोली मारी जिससे उसके पैर मे गोली लग गई जिसे दोस्त द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उपयोगी देशी कट्टा जब्त किया गया।

#### आपसी विवाद के चलते मारी गोली

विगत दिवस प्रार्थी हर्षित नायक निवासी नरसिंहपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजा उर्फ श्यामलाल सिलावट द्वारा उसके साथ गाली गलौच कर उस पर जानलेवा हमला करते हुए उसके पैर में गोली मार दी है। सूचना प्राप्त होते ही घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया एवं आरोपी की पतासाजी गिरफ्त में लेने हेतु निर्देश दिए गए। अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत थाना गाडरवारा पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है पुलिस ने आरोपी को 3 घंटे के अंदर तिदनी रोड पर स्थित जेठा मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया।

#### बनाए गए अन्य आरोपी

घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी से अवैध हथियारों के स्त्रोतों के बारे मे पूछताछ की गई। जिसमें दो सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आरोपी बालकिशन ठाकुर निवासी ग्राम खला, थाना सुआतला एवं दूसरा आरोपी धनीराम उर्फ मुन्ना ठाकुर निवासी ग्राम उमरिया, थाना कोतवाली के कब्जे से 02 अवैध पिस्टल एवं 03 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। आरोपियों पर धारा 109 (1), 351 (3), 296, बी.एन.एस. 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष ज्युडिशियल रिमांड पर प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्रवाई में अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एसडीओपी मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव चाटे, उनि मनीष मरावी, आर. पंकज राजपूत, आर.जितेन्द्र सिंह, आर. रोहित चन्पुरिया, आर. महेन्द्र ठाकुर व सायबर सेल से म. आर. कुमुद पाठक नगर रक्षा समिति सदस्य शुभम मालवीय व रोहित विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक, ऋषिकेश मीना द्वारा उक्त सराहनीय कार्यवाही हेतु पुलिस टीम की प्रशंसा की गयी है।

## साक्षरता दिवस पर विद्यार्थियों को दिलाई शपथ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत संकुल केंद्र बरहटा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार बक्शी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संकुल क्षेत्र के समस्त सामाजिक चेतना केंद्रों में एक साथ साक्षरता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में साक्षरता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और एक साक्षर भारत के निर्माण में जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। शपथ ग्रहण समारोह में शिक्षकों, शिक्षार्थियों, स्वयंसेवकों एवं ग्रामीण नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं साक्षरता के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, बल्कि दूसरों को भी साक्षर बनने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनशिक्षक दीपक दुबे एवं संकुल सह-समन्वयक, कोमल गोस्वामी का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है, जिसे निभाकर ही समाज को प्रगति की राह पर ले जाया जा सकता है।

## प्रदेश संघठन के आव्हान पर मध्य प्रदेश के समस्त रोजगार सहायक एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर

**सिवनी जिले की जनपद पंचायत धनौरा के समस्त सहायक सचिवो ने प्रदेश संघठन के आव्हान पर मध्य प्रदेश के समस्त रोजगार सहायक एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रह कर अपनी मांगों को लेकर जनपद सीईओ के माध्यम से कलेक्टर एवं मनरेगा आयुक्त भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिसमें जनपद पंचायत धनोरा जिला सिवनी में भी जीआरएस संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पंद्रे के नेतृत्व में जनपद में उपस्थिति होकर जनपद सीईओ ओमकार ठाकुर एवंएपीओ भूपेंद्र राजपूत को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन हेतु ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पंद्रे ब्लॉक उपाध्यक्ष हरिश्चंद सल्लाम, कुलदीप राय,चंद्रमोहन शाक्यवार, हरलाल मरावी, मुंशीदास गंगवाल , मनेन्द्र सिहोसे, प्रेम सिंह नायक, प्रेम सिंह उइके, शैलेंद्र सेन, समन सिंह मर्सकोले, विष्णु साहू, राजपाल मरावी, सुनील यादव, बलदेव यादव सहित अन्य जीआरएस सहायक सचिव उपस्थिति रहे।

## जिला चिकित्सालय मनाया गया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला चिकित्सालय में वृद्ध जन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की सेवाएं लगभग 100 से अधिक बुजुर्गों को प्रदान की गई एवं उन्हें वृद्धजन पुस्तिका का वितरण किया गया जिससे उनकी समस्त स्वास्थ्य संबंधित जानकारी एक जगह रखी जा सके। ज्ञात हो कि विगत लगभग 3 वर्षों से जिला चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी की सेवाएं प्रदान की जा रही है जिसमें लगभग 5000 मरीजों का प्रतिवर्ष इलाज किया जा रहा है। जिसमें वृद्ध जनों से जुड़ी घुटने कमर के दर्द की समस्या भी देखी जाती है। कैंप में वृद्धों को आवश्यकता अनुसार उपकरण जैसे कमर का बेल्ट, सर्वाइकल कॉलर आदि का वितरण भी किया गया। कैंप का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष मिश्रा, सिविल अस्पताल डॉ राजकुमार चैधरी, राष्ट्रीय वृद्ध जन कार्यक्रम नोडल डॉ ऋचा मिश्रा, डॉ जीसी चैरसिया, डॉ राहुल नेमा द्वारा किया गया।



## जनसंवाद के तहत पब्लिक से रुबरु हुये एसपी





#### पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय जरुरी

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक तेंदूखेड़ा और सुआतला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के सीधे रुबरु हुये।चौधरी गार्डन परिसर में आयोजित हुये इस जनसंवाद कार्यक्रम में सभी वर्गो के लोगों ने पहुंचकर अपने अपने क्षेत्र की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। जिसमें पुलिस बल बढ़ाने महिला पुलिस अधिकारी की नियुक्ति सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पुलिस सहायता केंद्र शुरू करने दूरी के मान से जिला पुलिस अधीक्षक से सीधा संपर्क स्थापित करने ट्रेफिक और गाडरवारा एन टी पी सी से निकलने वाली राखड लेकर जाने वाले कंटेनरों की समस्या मुख्य सड़क मार्गों पर निराश्रित मवेशियों हेलमेट की समस्यायों से लेकर काफी विस्तार से खुलकर चर्चाएं की गई।इस मौके पर नवागत एस पी ऋषिकेश मीणा ने बिन्दु बार सभी विषयों को रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि जन संवाद हमेशा बना रहे और समाज के बीच फैली विकृतियों को मिलकर दूर हो जाये यह जनसंवाद की सबसे बड़ी सफलता होगी यह कार्यक्रम जिले में लगातार जारी रहेगा। हमें पुरानी धारणाओं को त्याग कर पुलिस और समाज दोनों को बदलना होगा।जब हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर पायेंगे।

#### नशे से नस्लें बदल जाती है

जिला पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने स्पष्ट किया कि समाज में जो भी घटित होता है उसमें हम सभी बराबरी के हकदार हुआ करतें हैं। हमारे आस पास नशीले पदार्थो की जानकारी हमको कहीं ना कहीं से होती है लेकिन हम डर के कारण या विक्रेताओं के भय के कारण पुलिस को खबर नहीं कर पाते हैं या करतें भी है तो उचित कार्यवाही नहीं हो पाती लेकिन अब ऐसा नहीं होगा हम अपना मुखबिर तंत्र मजबूत करेंगे और जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रखते हुए कार्यवाही करेंगे। नशों से नस्लें बदल गई परिवार उजड़ गये बच्चे बर्बाद हो गये इस विषय पर मिलकर काम करना है।

#### एस डी ओ पी कार्यालय में होगी सीधी शिकायत

जिला पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि नरसिंहपुर जिला मुख्यालय की दूरी काफी दूर होने के कारण कुछ लोग हमसे सीधे शिकायत नहीं कर पाते हैं उन्हें अब तेंदूखेड़ा में ही एस डी ओ पी कार्यालय में पहुंच कर मेरे नाम से शिकायतें दे सकते हैं उनको लिफाफा मैं बंद करके हम तक पहुंचाने की जवाबदारी स्थानीय पुलिस अधिकारी की होगी।

#### आपसी समन्वय से समस्याओं का निराकरण करेंगे

पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने स्पष्ट किया कि हर काम पुलिस के अधिकार क्षेत्र में नहीं रहते हैं।चाहे सीसीटीवी कैमरे आवारा मवेशियों की हेलमेट एप्रोच सड़क मार्ग सबके अलग-अलग अधिकार क्षेत्र है फिर भी हम सब मिलकर इन समस्याओं का निराकरण करेंगे। जहां तक सबाल पुलिस बल का है।जरुरत के मान विभिन्न थानों में व्यवस्था की जायेगी और जरुरत पड़ी तो बल के लिए ऊपर चर्चा करेंगे साथ ही पुलिस चौकी और सहायता केन्द्र भी शुरू करवा दिये जायेंगे।केरवानी गांव की आबादी के मान से इस पर शीघ्र व्यवस्था बनाउंगा। महिला सुरक्षा की दृष्टि से महिला पुलिस बल की भी व्यवस्था होगी।इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया तथा तेंदूखेड़ा और सुआतला थाने का पुलिस स्टाप उपस्थित रहा।

## खरया परिवार ने शंकराचार्य का किया अभिनंदन



**गोटेगांव।** विगत दिवस चातुर्मास अनुष्ठान मुंबई में समापन कर लौटे श्रीधाम की पावन धरा पर परम पूज्य गुरुदेव श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज आगमन हुआ, वही महाराज श्री के अनन्य गुरु भक्त आलोक खरया द्वारा भगतराम चौराहा पर स्वागत वंदन अभिनंदनीय आझाय समस्त खारया पारिवार के दूवारा साराफा बाजार मे किया गया, साथ ही महाराज श्री जी का आशीर्वाद लिया !

## प्लेटफॉर्म पर खुलेआम धमाचौकड़ी मचाते हुए नजर आते हैं मवेशी

#### आधिकारिक कर्मचारियों की अनदेखी के कारण कभी भी घटित हो सकती है दुर्घटना

**गोटेगांव।** स्थानीय श्रीधाम रेल्वे स्टेशन स्थित प्लेटफार्म तीन नंबर पर जब चाहे जब खुलेआम धमाचौकड़ी मचाते हुए मवेशी आराम से प्लेटफॉर्म पर टहलते व आराम फरमाते हुए नजर आते हैं,यात्रियों से भरा हुआ प्लेटफॉर्म पर खुलेआम घूमते हुए मवेशी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही एवं अनदेखी को स्पष्ट उजागर करता है,परंतु विभागीय अधिकारी कर्मचारी फिर भी इस ओर ध्यान नहीं देते है यह नजारा बीती शाम के समय जनता एक्सप्रेस इंटरसिटी एक्सप्रेस मेमों ट्रेन के आने के समय जब प्लेटफार्म नंबर तीन पर आने जाने वाले



यात्रियों से भरा हुआ था उसी समय अनेक मवेशी प्लेटफॉर्म पर आराम से बैठने के अलावा कुछ मवेशी टहलते हुए धमाचौकड़ी मचाते हुए नजर आ रहे थे, परंतु विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सब कुछ देखने के उपरांत भी मवेशी मवेशियों को अधिकारी कर्मचारी प्लेटफॉर्म से नहीं भगाते हैं,मवेशी खुलेआम प्लेटफॉर्म पर धमाचौकड़ी मचाते हुए घूमते रहते हैं, मवेशी से यात्री अपनी जान बचाकर यहां वहां भागते है, क्योंकि यात्रियों को यह भय रहता हैकि कोई मवेशी दौड़कर उसे घायल ना कर दें या फिर मवेशियों से दुर्घटना ग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है,सभी यात्रियों का कहना हैकि भागदौड़ करता हुआ मवेशी किसी यात्री के लिए दुर्घटना का कारण बन सकता है या फिर मवेशी ट्रेन के नीचे आकर खुद ही असमय काल के गाल में समा सकता है,यात्रियों द्वारा शिकायत करने के पश्चात विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की कुंभकर्णी नींद नहीं टूटती है जब चाहे जब यात्रियों से भरी हुई प्लेटफॉर्म पर मवेशियों को धमाचौकड़ी मचाते हुए देखा जा सकता है,ऐसी स्थिति में अगर कोई अनहोनी घटना घटित होती है तो फिर उसका जिम्मेदार कौन होगा, क्षेत्रवासियों व यात्रियों ने रेल्वेविभाग के उच्चाधिकारियों से लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही कर प्लेटफॉर्म को मवेशियों से मुक्त रखने की मांग की है।